अमर उजाला 02/05/2023

# जीएमएन कॉलेज में मेगा चिकित्सा कैंप आज

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में दो मई को मेगा चिकित्सा कैंप होगा। इसमें शरीर के सभी प्रकार के टेस्ट किए जाएंगे।

कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि देश के प्रतिष्ठित अस्पताल मेदांता के डॉक्टर की टीम जीएमएन कॉलेज में एक दिवसीय हेल्थ चेकअप का आयोजन कर रही है। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, एक्स-रे अनेक महत्वपूर्ण टेस्ट किए जाएंगे।

यह सभी टेस्ट मुफ्त किए जाएंगे। इससे स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी और संबंधित व्यक्ति लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को वास्तविक स्तर पर स्थापित करने के लिए जीएमएन कॉलेज ने यह अनोखी पहल की है, जिसमें सभी को लाभ होगा। संवाद